# निवारू रोड पर निर्माणाधीन तीन दुकानों की छत ढही, मलबे में दबने से 5 मजदूर घायल

## हादसे की सूचना के बाद भी एम्बुलेंस नहीं पहुंची तो घायलों को मजबूरन ई-रिक्शा से अस्पताल भिजवाया

**जयपुर**। झोटवाड़ा इलाके में निवारू रोड पर शनिवार दोपहर निर्माणाधीन दुकानों की छत ढह गई। इस हादसे में मलबे में दबने से 5 मजदूर घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने पुलिस व सिविल डिफेंस की मदद से मलबे में दबे मजदूरों को बाहर निकाला। जब एंबुलेंस मौके पर नहीं पहुंची तो ई-रिक्शा से कांवटिया अस्पताल पहुंचाया। वहीं, कांवटिया अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद एक मजदूर को छुट्टी मिल गई, जबकि 4 मजदूरों को सवाई मान सिंह अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां से भी एक अन्य मजदूर को छुट्टी मिल गई है, जबकि तीन मजदूरों का इलाज चल रहा है। इनमें एक मजदूर की हालत गंभीर है।

दरअसल झोटवाड़ा पुलिया के नीचे बनी दुकानों को निवारू रोड



**निवारू रोड पर निर्माणाधीन दुकानों की छत गिरने से घायल हुए मजदूरों को लेने जब एम्बुलेंस नहीं पहुंची तो स्थानीय लोगों ने उन्हें ई-रिक्शा से अस्पताल भेजा।**

स्थित प्रताप डेयरी के पास शिफ्ट किया गया है। यहां झोटवाड़ा निवासी मनोज सिंह चौहान की तीन दुकानें हैं। इन दुकानों के ऊपर दूसरी मंजिल की छत भराई का काम चल रहा है। शनिवार दोपहर दूसरी मंजिल की छत डाली जा रही थी, तभी अचानक छत ढह गई। धड़ाम से आई

- **शनिवार को निवारू रोड पर प्रताप डेयरी के पास निर्माणाधीन तीन दुकानों की दूसरी मंजिल की छत भरते समय हुआ हादसा**
- **हादसे में घायल दो मजदूरों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी मिली, जबकि 3 मजूदर अभी एस.एम.एस. अस्पताल में भर्ती हैं**

आवाज के बाद 5 मजदूर हादसे की चपेट में आ गए। सूचना पर पुलिस और सिविल डिफेन्स टीम मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों के साथ बचाव कार्य शुरू किया।

करीब आधा घंटे में सभी मजदूरों को मलबे से बाहर निकाल ई-रिक्शा की मदद से कांवटिया अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस प्रथमदृष्टया हादसा घटिया निर्माण साम्रगी उपयोग में लेना मान रही है। थानाधिकारी घनश्याम सिंह ने बताया कि हादसे में इंद्राज बैरवा (32) निवासी बनकाखेड़ा टोडारायसिंह जिला टोंक, जगमोहन उर्फ़ जॉनी (29) निवासी कालवाड़ रोड जयपुर, प्रदीप यादव (26) निवासी मरता जिला जमुई बिहार, दिनेश बैरवा (28) निवासी पाडली जिला सवाई माधोपुर और ओमप्रकाश घायल हो गए। इनमें से मजदूर ओमप्रकाश को कांवटिया अस्पताल और इंद्राज बैरवा को सवाई मान सिंह अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी मिल गई है। वहीं, मजदूर प्रदीप, जगमोहन और दिनेश बैरवा का अस्पताल में इलाज चल रहा है। इनमें दिनेश बैरवा की हालत गंभीर बताई जा रही है।

उधर इस हादसे ने राजधानी जयपुर की चिकित्सा व्यवस्था की पोल भी खोलकर रख दी। हादसे के आधे-एक घंटे बाद तक मौके पर एंबुलेंस नहीं पहुंची। ऐसी स्थिति में घायलों को मजबूरन ई-रिक्शा में डालकर अस्पताल भेजना पड़ा। हालांकि बताया जा रहा है कि बाद में एंबुलेंस ने एक किलोमीटर दूर घायलों को एंबुलेंस में बैठाया। शहर के झोटवाडा इलाके में हुई इस घटना से लोगों में काफी गुस्सा नजर आया।

# मंत्रालयिक कर्मचारियों का अनशन तीसरे दिन भी जारी



**मंत्रालयिक कर्मचारियों ने वरिष्ठ कर्मचारी नेता देवेन्द्र सिंह नरूका के नेतृत्व में शनिवार को लगातार तीसरे दिन एम.आई.रोड स्थित शहीद स्मारक पर अनिश्चितकालीन क्रमिक अनशन जारी रखा।**

**जयपुर** । मंत्रालयिक कर्मचारियों की मांगों की उपेक्षा किए जाने से आक्रोशित कार्मिकों ने एम.आई.रोड स्थित शहीद स्मारक पर शनिवार को तीसरे दिन भी अनिश्चितकालीन क्रमिक अनशन जारी रहा। वरिष्ठ कर्मचारी नेता देवेन्द्र सिंह नरूका के नेतृत्व में कौशल कुमार, जगदीश चंद्र मीणा, कृष्णेंदु चैटर्जी, बृजेश कटारिया क्रमिक अनशन पर बैठे।

"मंत्रालयिक एकता मंच" ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि शिक्षा विभाग में मांगे गए नवीन पद स्वीकृत दी जाये।

मंत्रालयिक एकता मंच के प्रदेश प्रवक्ता देवेंद्र सिंह नरूका ने बताया कि शिक्षा विभाग में सभी ग्रामीण उच्च माध्यमिक विद्यालयों को पीईईओ विद्यालय एवं शहरी उच्च माध्यमिक विद्यालयों को सीआरसी विद्यालयों के रूप में परिवर्तित किया जा कर उसके परिक्षेत्र की समस्त प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों का समस्त संस्थापन लेखा अधिकारी एवं सीआरसी विद्यालय में कर दिया है तथा इन विद्यालयों में मंत्रालयिक संवर्ग के नवीन पद सृजित नहीं किए गए हैं शिक्षा निदेशक द्वारा इसके लिए नवीन पद सृजन का प्रस्ताव भिजवाया गया था परंतु वित्त विभाग द्वारा इसे नकार दिया गया है ।

नरूका ने बताया कि मंत्रालयिक कर्मचारियों द्वारा द्वितीय पदोन्निति के पद सहायक प्रशासनिक अधिकारी की ग्रेड पे 4200 करने, एक नया पदोन्निति का पद उप निदेशक प्रशासन ग्रेड पे 8700

- **शिक्षा विभाग में नए मंत्रालयिक पद सृजन की मांग**

में सृजित करने, कनिष्ठ एवं वरिष्ठ सहायकों के काटे गए पदों को बहाल करने, कनिष्ठ सहायक का आरंभिक वेतन 25500 करने, पंचायती राज संस्थाओं के कार्मिकों को भी राज्य कर्मचारी मारते हुए अन्य विभागों के समान पदोन्निति के पद सृजित करने तथा गृह जिला समायोजन, कनिष्ठ सहायक की शैक्षिक योग्यता स्नातक करने, पदोन्निति हेतु अनुभव में पूर्ण शिथिलता देने, चिकित्सालय एवं विद्यालयों में मंत्रालय कर्मचारियों को 5 दिन का सप्ताह करने, कंप्यूटर टंकण परीक्षा विभाग स्तर पर आयोजित करवाने की मांगों को मनवाने के लिए लंबे समय से संघर्षरत है। लेकिन सरकार द्वारा इनकी निरंतर अनेक धरना, प्रदर्शन, ज्ञापन एवं रैलियों के आयोजन के पश्चात भी सरकार द्वारा उपेक्षा की जा रही है। शनिवार को अनशनकर्ताओं के समर्थन में राजेश पारीक, गजेंद्र सिंह राठौड़, सुरेश धाभाई, शेर सिंह यादव, छोटे लाल मीणा, बलराम गुर्जर, दिनेश सिंह भाटी, ओम प्रकाश चौधरी, महेंद्र शर्मा, अशोक भंडारी, नागेंद्र सिंह नाथावत, विनय पारीक आदि ने संबोधित किया । जब तक सरकार मांगे नहीं मान लेती, क्रमिक अनशन जारी रहेगा।

## संक्षिप्त

### भीलवाड़ा में करोना संक्रमित की मौत

**जयपुर** । प्रदेश में लगातार करोना संक्रमितों की संख्या में वृद्धि हो रही है। शनिवार को भी राज्य में 24 नए संक्रमित सामने आए हैं। वहीं इस बीच एक मरीज की मौत भी हुई है। प्रदेश में एक्टिव केस भी बढ़कर सौ पर पहुंच गए हैं। प्रदेश में शनिवार को नौ जिलों में 24 नए संक्रमित मिले हैं। इससे पहले शुक्रवार को 23 रोगी पाए गए थे। इधर आज सर्वाधिक 7 नए संक्रमित भीलवाड़ा में मिले हैं। इसके अलावा उदयपुर में 5, जोधपुर में 3, अलवर, बीकानर व जयपुर में 2-2 तथा अजमेर, हनुमानगढ़ और कोटा में 1-1 नया संक्रमित मिला है। उधर, प्रदेश में शनिवार को 15 संक्रमित रिकवर हुए हैं। हालांकि राज्य में अभी भी 100 एक्टिव केस मौजूद है। इनमें इनमें उदयपुर में 28, जयपुर में 19, भीलवाड़ा में 17, राजसमंद में 10, बीकानेर में 8, राजसमंद में 7, जोधपुर में 6, जालोर में 5, अजमेर 4, अलवर में 2, चूरू, हनुमानगढ़, कोटा और गंगानगर में 1-1 मामला है। प्रदेश में शनिवार को करोना से भीलवाड़ा में एक संक्रमित की मौत हो गई है। साथ ही अब तक इस बीमारी से 9557 लोगों की मौत हो चुकी है।

### नेत्रदानी परिवारों का सम्मान आज

**जयपुर,** (का.सं.)। राजस्थान आई बैंक सोसाइटी द्वारा रविवार को नारायण सर्किल, टोंक रोड स्थित भट्टारकजी की नसियां में आयोजित एक समारोह मे नेत्रदानी परिवारों को अंधता निवारण में योगदान के लिए उनका अभिनन्दन किया जाएगा। समारोह में मुख्य सचिव उषा शर्मा, पुलिस महानिदेशक उमेश मिश्रा, राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के उपकुलपति डॉ सुधीर भंडारी, तथा एसएमएस हॉस्पिटल के प्रधानाचार्य डॉ. राजीव बगरहट्टा नेत्रदानी परिवारों को सम्मानित एवं संबोधित करेंगे। समारोह में नेत्र दानी परिवार के सदस्य एवं लाभार्थी जन अपने अनुभव भी साझा करेंगे। राजस्थान आई बैंक सोसाइटी के अध्यक्ष बी.एल. शर्मा ने बताया कि वर्ष 2012 में प्रारंभ राजस्थान आई बैंक सोसाइटी सेवानिवृत्त समाजसेवी लोगों द्वारा स्थापित, संचालित एवं वित्त पोषित एकमात्र बैंक है जिसने स्थापना से लेकर अब तक 242 महीनों में मृतकों की आंखों से 19 हजार 120 कोर्निया दान में प्राप्त करके अंधकार में जीवन जी रहे 12 हजार 307 लोगों के जीवन में रोशनी लाने के लिए कॉर्निया प्रत्यारोपित करवाए हैं।

### गबन मामले में नौकर गिरफ्तार

**जयपुर** (कासं)। प्रताप नगर पुलिस ने 22 लाख रूपए के गबन के मामले में आरोपित नौकर को गिरफ्तार किया है। जांच-अधिकारी एसआई मुकेश कुमार ने बताया गिरफ्तार आरोपित ब्रह्मानंद तंवर (30) गांव सोरई थाना लक्ष्मणगढ़, अलवर का रहने वाला है। आरोपित ब्रह्मानंद परिवादी सुखविंद्र की जगतपुरा स्थित हेल्थ प्रोडक्ट की दुकान पर सेल्समेन था, जिसने मालिक की गैरमौजूदगी में करीब 22 लाख रूपए का सामान बेच दिया और रूपए अपने पेटीएम, फोनपे इत्यादि पर प्राप्त कर लिए। मुकदमा दर्ज होने के बाद आरोपित फरार हो गया था, जिसे मुखबिर की सूचना पर महात्मा गांधी अस्पताल में पिता का इलाज कराने आने पर गिरफ्तार कर लिया गया।

## झोटवाड़ा में युवती की संदिग्ध मौत

**जयपुर** । झोटवाड़ा में एक युवती की संदिग्ध मौत का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार इलाके निवासी एक युवती ने रिपोर्ट दी है कि आकाश मीणा उसकी 22 वर्षीया बहन के साथ बचपन से पढ़ता था। साल 2015 से वह शादी का झांसा देकर बहन से देहशोषण कर रहा था। घटनाक्रम के मुताबिक 10 मार्च को आकाश ने कॉल किया कि आपकी बहन की तबियत ख़राब है, उसे घर छोड़कर जा रहा हूं। इस पर महिला मौके पर पहुंची तो उसकी बहन के मुंह से झाग आ रहे थे। बहन को निजी अस्पताल में लेकर गए, जहां से उसे सवाई मान सिंह अस्पताल रेफर कर दिया गया। यहां चिकित्सकों ने महिला की बहन को मृत घोषित कर दिया। आरोप है आकाश ने मृतका की अमेजॉन आईडी से कीटनाशक मंगवा खुद की दुकान पर रिसीव किया, जिसे पिलाकर युवती की हत्या की गई।

# पंजाब नेशनल बैंक ने सरकारी कॉलेज में अध्ययन सामग्री बांटी

**जयपुर,** (का.सं.)। पंजाब नेशनल बैंक जयपुर अंचल कार्यालय द्वारा कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व गतिविधियों के तहत राजकीय कन्या महाविद्यालय जयपुर विद्याधर नगर में सीएसआर के तहत अध्ययन सामग्री एवं महाविद्यालय परिसर हेतु सहायक सामग्री का वितरण किया गया। पीएनबी प्रेरणा की अध्यक्ष अंजू बाजपेई एवं सदस्य कुसुम लता मीणा तथा महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अलका त्रिपाठी द्वारा फीता काटकर सामग्री प्रदान की गई। इस दौरान छात्राओं ने नृत्य एवं गायन प्रस्तुतियां भी दी। पीएनबी द्वारा सभी छात्राओं को मिठाई एवं उपहार वितरित किए गए। इस दौरान विद्यालय परिसर में पंजाब नेशनल बैंक द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम भी किया गया, जिसमें 2 पौधे लगाए गए। कार्यक्रम के



**पंजाब नेशनल बैंक जयपुर अंचल ने राजकीय कन्या महाविद्यालय जयपुर विद्याधर नगर में अध्ययन सामग्री भेंट की।**

दौरान राजभाषा उप प्रबंधक ममता मीणा ने छात्राओं को भविष्य में आगे बढ़ने एवं सुनहरे भविष्य का निर्माण करने हेतु बधाई दी। कार्यक्रम में महाविद्यालय के स्टाफ सदस्य डॉक्टर नीतू, डॉक्टर अनुपमा , डॉक्टर कैलाश, डॉक्टर सौरभ, डॉ. मनोज एवं अन्य सदस्य भी मौजूद थे।

## गुलाबचंद कटारिया का सम्मान 20 को

**जयपुर** । राजस्थान विधानसभा में पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं असम के राज्यपाल गुलाब चन्द कटारिया का 20 मार्च को सम्मान किया जायेगा। इस दौरान सर्वश्रेष्ठ विधायक का सम्मान अमीन खां और अनिता भदेल को दिया जायेगा।

समारोह में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सी.पी. जोशी, मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और उप नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़े सहित मंत्रीमंडल के सदस्य व विधायक मौजूद रहेंगे। पिछले दिनों भाजपा के वरिष्ठ नेता गुलाबचंद कटारिया को असम का राज्यपाल नियुक्त किया था। कटारिया इस सदन के आठ बार विधायक रहे है। विधानसभा के प्रमुख सचिव महावीर प्रसाद शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर राष्ट्रमंडल संसदीय संघ की राजस्थान शाखा के तत्वावधान में प्रभावी एवं सार्थक लोकतंत्र को बढ़ावा देने में विधानमण्डल की भूमिका विषय पर सेमीनार होगी।

# गठिया रोग पर जयपुर में कॉफ्रेंस शुरू

**जयपुर** । ऑटोइम्यून बीमारी रूमेटॉयड आर्थराइटिस को नियंत्रित करने के लिए अब बायोलॉजिकल दवाओं का इस्तेमाल बढ़ गया है। चिकित्सा विज्ञान ने मोनोक्लोनल एंटीबॉडीज बना ली हैं जो इस बीमारी को नियंत्रित करने में कारगर हैं। वर्ल्ड रूमेटोलॉज फोरम और इंडियन रूमेटोलॉजी एसोसिएशन की ओर से जयपुर में रूमेटोलॉजी पर शुरू हुई दो दिवसीय इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस वर्ल्ड रूमेटोलॉजी फोरम समिट-2023 में विशेषज्ञों ने कुछ ऐसी ही जानकारी दी।

एसजीपीजीआई लखनऊ के डॉ. विकास अग्रवाल ने बताया कि नई दवाओं से अब रूमेटॉयड आर्थराइटिस को विकसित करने वाले प्रोटीन की सक्रियता को कम किया जा सकता है। मोनोक्लोनल एंटीबॉडीज सीधे इन प्रोटीन को ब्लॉक कर देती हैं बीमारी नियंत्रित हो जाती है।

आयोजन सचिव डॉ. राहुल जैन ने बताया कि पहले दिन ट्रेनीज ने केस प्रजेंट किए। स्कॉटलैंड की डॉ. एरियर हैरिक ने स्क्लेरो डर्मा के प्रकारों के बारे में जानकारी दी। वहीं डॉ. रमेश ने रूमेटॉयड आर्थराइटिस के इलाज में आई नई दवाओं के बारे में बताया। कॉन्फ्रेंस में 200 पोस्टर भी प्रदर्शित किए गए हैं जिनमें से सबसे अच्छे पोस्टर को पुरस्कृत किया जाएगा।

कॉन्फ्रेंस के साइंटिफिक चेयरमैन डॉ. विनोद रवींद्रन ने बताया कि वर्ल्ड रूमेटोलॉजी फोरम समिट-2023 की थीम रूमेटॉयड आर्थराइटिस एंड सिस्टेमिक स्क्लेरोसिस : द ट्रिकी टू रखा गया है जिसमें इन दोनों बीमारियों के इलाज में कुछ नए टिप्स साझा किए जा रहे हैं। इस दौरान डॉ. वेद चतुर्वेदी, डॉ. प्रशांत अकेरकर, डॉ. बीजी धर्मानंद, डॉ. अमन शर्मा ने



विभिन्न सत्रों में अलग-अलग जानकारी दी। यूनाइटेड किंगडम से आए डॉ. क्रिस्टोफर एडवर्ड्स ने रूमेटॉयड आर्थराइटिस से जूझ रहे मरीजों के जीवन की गुणवत्ता को बेहतर करने वाली जैक इन्हिबिटर ड्रग्स के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जैक इन्हिबिटर नई तरह की दवाएं हैं जिससे रूमेटॉयड आर्थराइटिस के कारण मरीज के जोड़ों में होने वाले दर्द और सूजन को बहुत कम कर देते हैं। वहीं जिस तरह स्ट्रोक या हार्ट अटैक के बाद रिहैबिलिटेशन किया जाता है। उसी तरह रूमेटॉयड आर्थराइटिस के शुरुआती लक्षण पता लगते ही प्री-हेबिलिटेशन किया जा रहा है। इसमें मरीज की फिटनेस, एक्सरसाइज, वजन कम करना, स्मोकिंग छोड़ने जैसी चीजों पर ध्यान दिया जाता है और बीमारी को आगे बढ़ने से रोक दिया जाता है।

# 'सफलता पाने के लिए इनर हैल्थ पर ध्यान देना जरूरी'

**जयपुर** । बी.के. (ब्रह्मकुमारी) सिस्टर शिवानी ने कहा कि सुकून और शांति के साथ कामयाबी पाने के लिए इनर हेल्थ पर ध्यान देना ज्यादा जरूरी है। स्वयं को एंपावर करके ही हम समाज को एंपावर कर सकते हैं।

सिस्टर शिवानी माहेश्वरी पब्लिक स्कूल के ऑडिटोरियम में आवासन मंडल और फिक्की फ्लो के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित "मेनिफेस्टिंग एक्सीलेंस मोटिवेशनल" कार्यक्रम को संबोधित कर रही थी। उन्होंने कहा कि आज के दौर में संकल्प से ही सिद्धि प्राप्त की जा सकती है। सकारात्मक और बेहतर सोच ही हमें कामयाबी और शांति की राह दिखा सकती है। संकल्प से सिद्धि में वह ताकत है, जिससे जो चाहते हैं वह सिद्ध हो सकता है।

सिस्टर ने कहा कि सफलता के लिए पावर ऑफ माइंड का सकारात्मक होना बेहद जरूरी है। संस्कार और सभ्यता ही बेहतर संस्कार का निर्माण कर सकती है। हम अपनी संस्कृति को बचाकर भी को बचाकर भी राष्ट्र सेवा कर सकते हैं। सिस्टर शिवानी ने मौजूदा मोबाइल के सही इस्तेमाल को सबसे बड़ी चुनौती बताया। उन्होंने कहा कि सोने से 1 घंटे पहले मोबाइल का त्याग और रात्रि को 10 बजे सोकर सुबह 5 बजे ब्रह्म मुहूर्त या अमृतवेला में उठकर हम इनर हेल्थ पर ज्यादा फोकस कर सकते हैं। उन्होंने मानसिक शांति के लिए आंतरिक शांति को पाने पर भी जोर दिया। प्रमुख शासन सचिव कुलदीप रांका ने कहा कि हमने भौतिक सुविधाएं तो बहुत जुटा ली लेकिन आत्मिक गुणों में बढ़ोतरी नहीं कर पाए। इसके चलते जीवन में अशांति और तनाव में बढ़ोतरी हो रही है। हमें एक बार फिर आत्मिक गुण, संस्कार और समता की ओर लौटना होगा। आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा ने कहा कि एक दौर था जब हाऊसिंग बोर्ड को बंद करने की चर्चाएं होने लगी थी लेकिन कार्मिकों की ऊर्जा और सकारात्मक सोच के चलते आज मंडल ने 8500 करोड़ रुपए का टर्नओवर को हासिल कर लिया है। उन्होंने इस अवसर पर मंडल कार्मिकों की दिल खोलकर प्रशंसा भी की।

# 'राइट-टू-हैल्थ' बिल के विरोध में निजी डॉक्टर्स ने दी उग्र आंदोलन की चेतावनी

**जयपुर** । राज्य सरकार दो दिन बाद विधानसभा में राइट टू हैल्थ बिल को पेश करने जा रही है। वहीं इसका विरोध कर रहे विभिन्न निजी चिकित्सक व अस्पताल संगठनों ने उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। वहीं दूसरी ओर प्रदेश भर में निजी अस्पतालों की ओर से शनिवार रात आठ बजे से सम्पूर्ण मेडिकल बंद कर दिया गया है। साथ ही चिरंजीवी और आरजीएचएस योजना का भी बहिष्कार कर दिया है।

ज्वाइंट एक्शन कमेटी राजस्थान के मीडिया चेयरमैन डॉ. संजीव गुप्ता ने बताया कि 23 फरवरी को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के साथ ज्वाइंट एक्शन कमेटी की वार्ता हुई। इसके बावजूद भी उसकी पालना राज्य के आला अधिकारियों द्वारा नहीं की गई। इससे राज्य के समस्त निजी चिकित्सक उद्वेलित है। जॉइंट एक्शन कमेटी के चेयरमैन और इंडियन मेडिकल एसोसिएशन राजस्थान के अध्यक्ष डॉ. सुनील चुग ने बताया की राज्य के समस्त निजी चिकत्सक आंदोलन करने के लिए मजबूर है।

- **प्रदेश में शनिवार रात से निजी अस्पतालों में सम्पूर्ण मेडिकल बंद शुरू हुआ, चिरंजीवी और आर.जी.एच.एस. योजना का बहिष्कार किया**
- **रविवार व सोमवार को पूरे प्रदेश से निजी चिकित्सक जयपुर स्थित जे.एम.ए. सभागार में एकत्रित होंगे।**

सभी निजी अस्पतालों में शनिवार से चिरंजीवी और का आरजीएचएस योजना का बायकॉट शुरू करने के साथ साथ रात 8 बजे से राज्य के सभी निजी अस्पताल पूरी तरह से बंद रहेंगे। इस दौरान इमरजेंसी सेवाएं बंद रहेंगी।

वहीं इस बिल का विरोध कर रहे निजी डॉक्टरों के दूसरे दड़े ने भी उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। प्राईवेट हॉस्पिटल्स एंड नर्सिंग होम्स सोसायटी के सचिव डॉ. विजय कपूर ने बताया कि सरकार राईट टू हैल्थ बिल को मंगलवार को सदन के पटल पर रख कर पारित कराने पर आमादा है। बिल के विरोध मे प्राईवेट हॉस्पिटल्स एंड नर्सिंग होम्स सोसायटी व यूनाइटेड प्राईवेट क्लिनिक्स एंड हॉस्पिटल्स ऑफ राजस्थान द्वारा गठित ऑल राजस्थान प्राईवेट डॉक्टर्स संघर्ष समिति ने उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। उन्होंने बताया कि इस आंदोलन का पूरे प्रदेश के समस्त संगठनों ने समर्थन किया है। पिछले दो दिन से संपूर्ण प्रदेश में चिरंजीवी व आरजीएचएस सहित सभी सरकारी योजनाओं का बहिष्कार किया जा रहा है। डॉ. कपूर ने बताया कि जयपुर सहित संपूर्ण राजस्थान में रविवार सुबह 8 बजे से अनिश्चितकालीन संपूर्ण मेडिकल बंद का आव्हान किया गया है। वहीं कुछ ज़िलों में यह बंद शनिवार से ही आरंभ हो गया है। रविवार व सोमवार को पूरे राजस्थान से चिकित्सक जयपुर स्थित जे एम ए सभागार में एकत्रित होंगे।

# कर्नल अमिताभ शर्मा ने साझा किए सैन्य अनुभव

## डिफेंस जर्नलिज्म पर व्याख्यान आयोजित

**जयपुर** । जयपुर नेशनल यूनिवर्सिटी (जे.एन.यू.) के स्कूल ऑफ मीडिया स्टडीज विभाग में डिफेंस जर्नलिज्म पर आयोजित एक विशेष व्याख्यान में राजस्थान के डिफेंस पीआरओ कर्नल अमिताभ शर्मा ने सूचनाओं की सुरक्षा पर अपने अनुभव साझा किए और करियर संबंधी सवालों के जवाब दिए। खास बात यह रही कि इस व्याख्यान में जयपुर नेशनल यूनिवर्सिटी के सीडलिंग स्कूल ऑफ लॉ और होटल मैनेजमेंट सहित कई अन्य कोर्स के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस विशेष सत्र के बाद जेएनयू के चांसलर डॉ. संदीप बक्शी ने अपने संदेश में कहा कि जैसे सेना देश की सुरक्षा को प्रतिबद्ध है वैसे ही मीडिया के विद्यार्थियों को भी सैन्य संबंधी सूचनाओं पर सजग रहते हुए सूचनाओं की रक्षा को समझना चाहिए।

डिफेंस जर्नलिज्म और डिफेंस आधारित फोटो जर्नलिज्म की बारीकियों पर प्रकाश डालते हुए डिफेंस पीआरओ ने कहा कि युद्ध सेनाएं लड़ती हैं लेकिन सूचनाओं के जरिए जनता का आत्मविश्वास कायम रखने की जिम्मेदारी मीडिया की होती है। कई



**डिफेंस पी.आर.ओ. अमिताभ शर्मा**

मामलों में सैन्य ऑपरेशन और सूचनाओं को लाइव या बगैर सोचे समझे तुरंत जारी करना खतरनाक हो सकता है। कर्नल अमिताभ ने बताया कि मीडिया के विद्यार्थियों को राष्ट्रीयता, देशभक्ति, सैन्य साहस, शौर्य, पराक्रम और बलिदान को फोटो पत्रकारिता के माध्यम से दर्शाने के सही तरीके के बारे में बताया और सवाल-जवाब के सत्र में स्कूल ऑफ लॉ के विद्यार्थियों को कानूनी परिप्रेक्ष्य व प्रतिबंधों के बारे में समझाया।

## सार-समाचार

### श्री प्रेमभाया का नगर संकीर्तन निकला



**जयपुर** (कासं)। ढूंढाड़ की विरासत के रूप में चांदपोल बाजार के जय लाल मुंशी का रास्ता स्थित युगल कुटीर में आयोजित 83 वें श्री प्रेमभाया महोत्सव में शनिवार को निकले नगर संकीर्तन के दौरान परकोटा प्रेमभाया के रंग में रंग गया। रात भर ढूंढाड़ी भजनों पर नाचते-गाते भक्तों के समूह पर लोगों ने जमकर पुष्प वर्षा की। श्री प्रेमभाया मंडल समिति की ओर से आयोजित चार दिवसीय भक्तिसंगीत समारोह में दिन में गोपीनाथ महिला मंडल और श्री प्रेमभाया महिला मंडल की गायिकाओं सहित अन्य मंडलों ने हाजिरी लगाई। पुष्प वर्षा और नृत्य की जुगलंदी के बीच शाम तक मातृ शक्ति ने भजनों की स्वर लहरियां बिखेरी। शाम को महाआरती और जयकारों के साथ युगल कुटीर से नगर संकीर्तन प्रारंभ हुआ। अत्यंत मनोहारी छवि की छटा बिखेरते श्री प्रेमभाया सरकार और युगल सरकार फूलों से सजे रथ में विराजमान थे। नगर संकीर्तन मार्ग में भक्तों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। श्री प्रेमभाया सरकार की जगह-जगह आरती उतारी। समिति के अध्यक्ष विजय किशोर शर्मा ने बताया कि नगर संकीर्तन जाट के कुए का रास्ता, गोपीनाथ जी का मंदिर, नाहरगढ़ रोड, छोटी चौपड़, त्रिपोलिया, बड़ी चौपड़, जौहरी बाजार, गोपाल जी का रास्ता, अजायबघर का रास्ता, खूटेंटों का रास्ता, खजाने वालों का रास्ता होते हुए युगल कुटीर पहुंचा। इसी के साथ 83 वां श्री प्रेमभाया महोत्सव सम्पन्न हुआ।

### 'जिले-संभागों का गठन सराहनीय'

**जयपुर** । प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य और जयपुर नगर निगम में कांग्रेस पार्षद दल के मुख्य सचेतक रहे गिरिराज खंडेलवाल ने राज्य में नए ज़िले व संभागो के गठन को मुख्यमंत्री का एक क्रांतिकारी कदम बताते हुए कहा कि मुख्य मंत्री अशोक गहलोत ने प्रदेश में 19 नये जिले और तीन नये संभाग का गठन कर युगांतरकारी निर्णय लिया है। इस पुर्नगठन के बाद प्रदेश में सुशासन, आधारभूत संरचना और विकास की क्रांति का नया युग शुरू होगा। मुख्यमंत्री ने ब्यावर को जिला बनाने की बहुत पुरानी मांग पूरी की है तो शाहपुरा जैसे प्राचीन कस्बे को जिला बनाने का साहस दिखाया है। फलौदी, केकड़ी, दूदू, बालोतरा, नीमकाथाना, बहरोड़ -कोटपूतली, डीडवाना -कुचामन, सांचौर को भी जिला बनाया गया है। ये फैसले दिखाते हैं कि अशोक गहलोत का चिंतन प्रदेश के लिए कितना अभिनव है।

### प्रोफेसर डॉ. राजीव सक्सेना सम्मानित



**प्रो. राजीव सक्सेना ( बायें )**

**जयपुर** (कासं)। स्वास्थ्य कल्याण होम्योपैथिक मेडिकल महाविद्यालय में वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ. राजीव सक्सेना को "स्वास्थ्य कल्याण गौरव पुरस्कार" से सम्मानित किया गया। ये सम्मान उन्हें विगत लगातार, अनवरत 21 वर्षों से भी ज्यादा स्वास्थ कल्याण समूह में उत्कृष्ट सेवाओं व श्रेष्ठ कार्यों के लिए दिया गया। सम्मान स्वरूप उन्हें, समूह के चेयरमैन डॉ. श्याम सुंदर अग्रवाल व मुख्य अतिथि, भूतपूर्व डी.जी.पी. कपिल गर्ग ने पगड़ी-शॉल पहनाकर सम्मान पत्र से नवाजा।

### बाड़े में बंधी चार भैंस चोरी

**जयपुर** (कासं)। प्रताप नगर इलाके में चोर एक बाड़े में सेंधमारी कर 4 भैंस चुरा ले गए। पुलिस ने बताया जाटों की ढाणी, बुद्धिसंहपुरा निवासी रामसहाय चौधरी ने रिपोर्ट दी है कि 16 मार्च की अलसुबह 5 बजे अज्ञात चोर घर में बने बाड़े में सेंधमारी कर 4 भैंस चुरा ले गए। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।